## सार-समाचार

### बापुसा महोत्सव 2023 का आगाज

**बीदासर,** (नि.सं.)। बीदासर कस्बे के वार्ड 02 स्थित सेखानी पोल में बापूसा चैरिटेबल ट्रस्ट सूरत द्वाराभक्त वत्सला मनीषा के पावन सानिध्य मेंबापूसा महोत्सव 2023 के धार्मिक आयोजन रंगारंग आगाज़ हुआ। आयोजन में बापुसा महाराज के भजनों पर श्रद्धालुओं ने जमकर नृत्य किया। धार्मिक आयोजन में शामिल होने के लिये देश विदेश के सैकड़ो प्रवासी नागरिक भी कस्बे के बापूसा धाम के दरबार मे पहुचकर मनोंतियाँ मांगी। महोत्सव बापूसा चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष जसकरण नाहटा, मंत्री मन्नालाल बैद, कोषाध्यक्ष संजय, नोरतनमल सैखानी, बापूसा युवा शक्ति के अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश भंसाली, मंत्री रमेश शर्मा, कोषाध्यक्ष अमित बैद, बापूसा महिला शक्ति की अध्यक्ष पुष्पा गिडिय़ा, मंत्री प्रेमा सैखानी, कोषाध्यक्ष संतोष शर्मा, गोपाल सिंह पंवार, इन्द्रसिंह पंवार, पूर्व पालिका उपाध्यक्ष जवाहर सिंह राठौड़, पवन कुमार सारस्वत सहित सैकड़ो की संख्या मे श्रद्धालुओं ने भाग लिया। ट्रस्ट के नोरतनमल सैखानी ने बताया कि शनिवार को धोली शक्ति मंदिर से शक्ति माता मंदिर तक पावन चुन्दड़ पदयात्रा गई तथा सायं भजन संध्या का आयोजन हुआ। जिसमें बीकानेर के पींटू स्वामी, महेंद्र कोचर, अहमदाबाद के अरिहंत बाफ ना तथा सूरत के पवन खटेड़ भजनों की शानदार प्रस्तुतियां दीं।

### राजपुरा में प्रतियोगिताएं हुई

**पाटन,** (नि.सं)। ग्राम पंचायत राजपुरा में शनिवार को स्वर्गीय कोयली देवी पत्नी सुंदरलाल नेताजी की स्मृति में शूटिंग वॉलीबॉल एवं समेसिंग वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। समेसिंग प्रतियोगिता में राजपुरा टीम विजेता रही व शूटिंग वॉलीबॉल प्रतियोगिता में राजपुरा ए टीम विजेता रही। खेल प्रतियोगिता कार्यक्रम के उद्घाटन के दौरान गांव के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सरपंच मुकेश मीणा ने खिलाड़ियों को खेल को खेल की भावना से खेलने के बारे में कहा।इस दौरान सुंदर लाल मीणा, ठाम पंचायत हसामपुर सरपंच प्रतिनिधि राकेश सिंह, चंद्रभान शर्मा, प्रभु शर्मा, कमल यादव, बिहारी यादव, चिमनलाल, बजरंग सिंह, दामोदर, जगदीश, राजेंद्र, सतनारायण, बुधुराम, लक्ष्मी नारायण, घासीपुरा ठाम पंचायत सरपंच प्रतिनिधि कैलाश स्वामी, कैलाश बावरिया, राजू, रमेश, विक्रम आदि उपस्थित रहे। सरपंच मुकेश मीणा ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी बच्चों की हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया।

### बीदासर में हेलमेट बांटे

**बीदासर,** (नि.सं.)। बीदासर कस्बे के पुराना बस स्टैंड पर शनिवार को बीकानेर रेंज के आईजी ओमप्रकाश, जिला पुलिस अधीक्षक दिंगत आनंद के निर्देशानुसार 32वें सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत स्थानीय थाने की पुलिस ने वाहन चालकों को यातायात नियमों की पालना को लेकर जागरूक किया। इस अवसर पर सुजानगढ़ के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगदीश प्रसाद बोहरा के निर्देशन में बीदासर पुलिस उप अधीक्षक प्रहलाद राय, थानाधिकारी जगदीश सिंह ने वाहन चालकों को हेलमेट भी वितरित किए। जानकारी के अनुसार डूंगरास स्टोन क्रेशर के ठाकुर सुरजीत सिंह, सज्जन सिंह, सूर्यप्रकाश व बालेरा सरपंच सुरेंद्र सिंह ने माता रसाल कंवर की प्रेरणा से 20 दुपहिया वाहन चालकों को पुलिस अधिकारियों के सानिध्य में हेलमेट पहनाकर वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने का संदेश दिया। इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों ने उपस्थित लोगो को सड़क सुरक्षा के बारे में जानकारी दी। हेलमेट वितरण में भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य भंवर सिंह राठौड़, सांडवा से लालचंद सोनी, कटारसिंह जाखड़, भागीरथ प्रसाद गुरु, जगदीश प्रसाद नाई, मास्टर उम्मेद अली, अफजल हुसैन सलामपुरियां, पवन शर्मा, कालूराम सरस्वा, गोविंद सोनी, सूर्यप्रकाश, आसूचना अधिकारी अशोक कुमार, हेड कांस्टेबल अविनाश मीणा सहित अनेक लोग मौजूद थे।

### शीत लहर से सर्दी व ठिठुरन बढ़ी

**बीदासर,** (नि.सं.)। बीदासर कस्बे मे शनिवार को भी दिनभर चली शीतलहर के कारण सर्दी और अधिक बढ़ गई और सर्दी के बचाव के लिये लोग अलाव का सहारा लिया। शनिवार की सुबह ठण्ड इतनी अधिक थी कि बाहर खड़े वाहनों, पेड़ पौधों और कपड़ों पर बर्फ जम गई। सुबह 08 बजे तक घना कोहरा छाया रहा। कोहरे के दौरान भी प्रकृति का नया रूप देखने को मिला और कोहरे की चादर इस प्रकार थी कि मानो बादल जमीन पर आ गये हों। कोहरे के चलते वाहन भी रेंगते हुये चले। और दिन में अच्छी धुप निकलने से लोंगो को सर्दी से कुछ राहत मिली लेकिन शाम होते होते वापस सर्दी तेज हो गई।वहीं सर्दी अधिक होने के बाद भी पतंगबाजी का रंग फीका नही हुआ और लोगों ने संक्रांति पर जमकर पतंगबाजी की।

### यातायात पुलिस ने काटे चालान

**तारानगर,** (नि.सं.)। सड़क सुरक्षा सप्ताह के चौथे दिन शनिवार को तारानगर यातायात पुलिस ने वाहनो की जांच की। तारानगर बीकानेर हाइवे पर माँ जालपा देवी राजकीय महाविद्यालय के पास पुलिस ने नाका लगाकर वाहनो की जांच की तथा वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालना करने की समझाइस की व नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के चालान काटे गये। यातायात प्रभारी जयप्रकाश ने बताया कि अभियान के तहत बिना सीट बेल्ट, बिना हेलमेट, अतिरिक्त सवारी, भारी लेडिंग वाहनो, भारी लोडिंग वाहनो बिना नंबर वाहनो सहित नियमों के विरुद्ध पाए गये वाहनो के चालान भरे गये। इस दौरान सहायक उप निरीक्षक सुरेश कुमार, यातायात प्रभारी जयप्रकाश, विजय कुमार, जितेंद्र कुमार व चालक होशियार सिंह आदि मौजूद रहे।

### वार्षिकोत्सव में प्रतिभाओं का सम्मान

**उदयपुरवाटी,** (नि,सं.)। कोट गांव की राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय मालियों की ढाणी में वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन प्रधानाध्यापक कविंद्र कुमार की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि संकलनकर्ता एसीबीईओ बृजलाल थे। विशिष्ट अतिथि एडवोकेट मोतीलाल सैनी, सरपंच गोठी देवी, शिवपाल गुर्जर, भंवरलाल दरबारवाला, ताराचंद मीणा थे। विद्यालय के महेश असवाल, बाबूलाल, प्रकाश सैनी, सरोज, मनीषा मीणा ने अतिथियों का सम्मान किया । समारोह में विद्यालय के छात्र-छात्राओं की ओर से विभिन्न स्पर्धाओं में रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। मुख्य अतिथि बृजलाल ने बताया कि शिक्षा विभाग की ओर से प्रायोजित वार्षिकोत्सव समारोह, विद्यालय के विकास एवं विद्यार्थियों के सृजनात्मक विकास में बेहतरीन व उपयोगी सिद्ध हो रहे हैं। आर्थिक सहयोग करने वाले भामाशाह एवं प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान किया गया । प्रधानाध्यापक कविंद्र कुमार ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन धर्मेंद्र कुमार ने किया

### जरूरतमंदों को कंबल बांटे

**पाटन,** (नि.सं.)। पाटन उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत माउन्डा खुर्द में समाज सेवी संजय जाखड़ ने जरूरतमंद लोगों के लिए कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में शहीद वीरांगना कविता सामोता भी पहुंची और जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरण किया। मकर संक्रांति का पर्व दान, गोसेवा और भगवान सूर्यनारायण की आराधना के लिए विख्यात है। इस पावन पर्व पर संजय जाखड़ द्वारा किए गए इस पुनीत प्रयास की वीरांगना कविता सामोता ने सराहना की एवं उन्हे शुभकामनाएं प्रेषित की। जरूरतमंद लोगों की सेवा के इस कार्य के लिए पंचायत माउंडा खूर्द व भाजपा परिवार नीमकाथाना ने संजय जाखड का आभार व्यक्त किया।

### जैन परिषद ने कंबल वितरण किया

**रतनगढ़,** (निसं.)) रतनगढ़ जैन परिषद के तत्वावधान में समाज कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत स्वर्गीय कमलसिंह कोचर की स्मृति में उनके परिवार जनों ने 120 जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरण किए। समारोह में परिषद के सचिव हुलासचंद दूगड़ ने कोचर परिवार का आभार व्यक्त करते हुए परिषद के द्वारा किए गए सामाजिक कार्य की जानकारी दी। इस मौके पर परिषद के नगर अध्यक्ष प्रतापसिंह बोथरा ,ओसवाल पंचायती भवन के अध्यक्ष पूनमचंद बैद, राजकुमार बैद, कमल बैंद, परिषद के संगठन मंत्री चंद्रप्रकाश दुगड़ ,छगनलाल बोथरा ,रमेश बैद सहित सैकड़ों जरूरतमंद लोग उपस्थित थे।

### सी.ए. बेटी का सम्मान किया

**पाटन,** (नि.सं.)। ग्राम पंचायत आगवाडी में जयश्री गर्ग पुत्री महेंद्र गर्ग के सी.ए. बनने पर गांव वालों ने संजय शास्त्री के नेतृत्व में साफा पहना कर स्वागत किया। संजय शास्त्री ने बताया कि कार्यक्रम में बनवारी लाल गर्ग, अर्पित, चर्चित, रविता, पिंकी, महेंद्र गर्ग,ममता शर्मा, ध्रुव भारद्वाज आदि उपस्थित रहे।

# पार्षद व सभापति मंडेलिया गुट में, फिर भी नहीं बनी सड़क !

**चूरू,** (का. सं.)। नगरपरिषद क्षेत्र चूरू में सड़कें बनाए जाने का खूब दम भरा जा रहा है, परन्तु यहां के वार्ड नम्बर 60 की गलियों का कोई धणी-धोरी नहीं है। दावे खोखले ही साबित हो रहे हैं।

गौरतलब है कि यहां पार्षद भी कांग्रेस पार्टी से है, जिसका ही यहां बोर्ड है और कांग्रेस की पायल सैनी सभापति हैं। इतना ही नहीं पार्षद और सभापति दोनों मण्डेलिया गुट के हैं। उसके बाद भी वार्ड नम्बर साठ में लक्ष्मणराम महला के घर से आईआईटी कॉलेज की मुख्य सड़क तक की ओर किसी का ध्यान नहीं जा रहा है। यहां सड़क एवं नाली का निर्माण नहीं होना सभी दावों की पोल खोल रहा है। लक्ष्मणराम महला कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्त्ता भी हैं। इसी वार्ड के भगवानाराम पापटान के घर से बृजमोहन शर्मा के घर तक और नत्थूराम प्रजापत के घर से लेकर किशनलाल दईया के घर तक भी सड़क और नाली का निर्माण नहीं होने से आमजन को बहुत परेशानी हो रही है। वार्डवासियों का कहना है कि चुनाव के समय नेता भाषण देकर चले जाते हैं। चुनाव के बाद कोई सुनवाई नहीं करते हैं। इसका उदाहरण यहां सड़क व नालियों का निर्माण नहीं होना, सबके सामने है। इस संबंध में पार्षद चन्द्रप्रकाश सैनी ने कहा कि नत्थूराम प्रजापत के घर से किशनलाल दईया के घर तक सड़क निर्माण का टेंडर हो गया है। नगरपरिषद में आयुक्त नहीं होने के कारण स्वीकृति नहीं मिली है।

पार्षद सैनी ने कहा कि जिन एसडीएम के पास चार्ज है वे आयुक्त से ही स्वीकृति लेने की बात कह रहे हैं। यहां अन्य सड़कों के निर्माण के संबंध में पार्षद ने कहा कि मुख्यमंत्री से बजट मिलने पर सड़कों का निर्माण करवाएंगे।

# पक्षियों के लिए चुग्गा दान व जरूरतमंदों को कंबल बांटे

**चूरू,** (का. सं.)। जिला मुख्यालय पर सद्गुरु देव श्रीजी बाबा महाराज की पंचम पुण्य तिथि पक्षियों के लिए चुग्गा दान एवं जरूरतमन्दों को कड़ाके की सर्दी से बचाव के लिये कम्बल वितरित कर मनाई गई।

कार्यकम के संयोजक फिल्म निर्माता निर्देशक राजेन्द्र सिंह शेखावत ने बताया कि आज गुरुदेव को गोलोकधाम सिधारे पांच साल पूरे हो गए। उनकी स्मृति में स्थानीय करणी माता मंदिर में राजपूत महासभा के जिलाध्यक्ष शिवमंगल सिंह राठौड़ व देवकीनंदन शर्मा, सीकर की ओर से पक्षियों के लिए चुग्गा दान किया गया। मंदिर के पुजारी बनवारी लाल भाटी ने सभी का आभार व्यक्त किया। इसी क्रम में रात्रि को महेंद्र कुमार पुजारी की ओर से जरूरतमन्दों को सर्दी से बचाव के लिए कम्बल बांटे गए। इस दौरान सुरेंद्र प्रजापत, महेंद्र पुजारी सहित अन्य लोगों ने रात्रि को जरुरतमंदों को जो कि सड़क किनारे, रेलवे स्टेशन, बस अड्डे पर खुले आसमान के नीचे रात बीता रहे हैं। उनको कंबल बांटे। इसी दौरान राजकीय भरतीया अस्पताल की पुलिस चौकी के अंदर व बाहर बैठे लोगों को भी गर्म कंबल दिये गये। इस दौरान आवासन मंडल की कच्ची बस्ती के लोगों को भी गर्म कंबल वितरित किये गये। गौरतलब है कि इन दिनों यहां पर कड़ाके की ठंड का दौर चल रहा है। जिससे आम इंसान के साथ पशु पक्षि भी परेशानी झेल रहे हैं। रात के समय बिना अलाव जलाये रात गुजारना मुश्किल हो रहा है। इस दौरान महेंद्र कुमार पुजारी ने बताया कि ऐसी सर्दी में जरुरतमंद को गर्म कंबल मिल जाये। इससे बड़ा पुण्य क्या होगा। इन्होंने कहा कि वस्तु जरुरतमंद तक पहुंच तब उसका अधिक लाभ होगा। इससे पूर्व श्रीठाकुरजी की हवेली में सद्गुरु देव श्रीजी बाबा महाराज के शिष्य शिवनंदन शर्मा ने प्रात: वेला में गुरु चरण वंदना कर विधिवत रूप से पूजा अर्चना की। श्रीठाकुरजी को नवीन वस्त्र धारण करवाकर भोग धरा गया। कार्यकम में राजपूत महासभा के जिलाध्यक्ष शिवमंगल सिंह राठौड़, सुरेंद्र प्रजापत, महेंद्र पुजारी, कैलाश सिंह, करविंद सिंह, संदीप मील मिस्त्री, पुजारी बनवारी लाल भाटी आदि मौजूद रहे।

## सुजानगढ़ जिला बनाने की मांग

**सुजानगढ़,** (नि.सं.)। फल एवं सब्जी मंडी एसोसियेशन के पदाधिकारियों ने सुजानगढ़ को जिला बनाने की मुहिम में जनहित संघर्ष मोर्चा को अपना समर्थन दिया।

जनहित संघर्ष मोर्चा के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों के साथ मिलकर बड़ी संख्या में विक्रेताओं, पल्लेदारों, दुकानदारों व किसानों ने कृषि मंडी के पास स्थित हॉलसेल फल एवं सब्जी मंडी परिसर में नारेबाजी की और इसी सत्र में सुजानगढ़ को जिला बनाये जाने की मांग की। एसोसियेशन के अध्यक्ष मुंशी पंवार, उपाध्यक्ष जीवणराम भंवरिया, व्यापारी खुशीराम, सलीम, केदार भाभड़ा, मुकेश रावतानी, असलम हाजी, रामचन्द्र मारोठिया, पप्पू बागड़ी, मेहताब, रमजान, टीकमचंद, चन्द्रभान सचदेवा, रमेश कुमार, जीवन प्रजापत, याकूब, सौकत, मुस्तफा आदि ने समर्थन देने की घोषणा की।

## सुरक्षा पोस्टर का विमोचन किया

**सादुलपुर,** (नि.सं.)। महर्षि दयानंद शिक्षण संस्थान, पुलिस विभाग व परिवहन विभाग द्वारा कस्बे के अंबेडकर सर्किल पर संयुक्त रूप से मनाया गया।

डी.वाई. एस.पी. ओमप्रकाश गोदारा, राजगढ़ सी.आई. सुभाष चंद्र व महर्षि दयानंद शिक्षण संस्थान की ओर से ललित कुमार पूनियां, सचिव लोकेश पूनियां, सुरेश भालोठिया, सुमित कस्वां व संस्थान के स्किल कोर्स के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

इस अवसर पर डी.वाई. एस.पी. ओमप्रकाश गोदारा ने सडक़ सुरक्षा मार्गदर्शिका बुक का विमोचन किया, जो महर्षि दयानंद शिक्षण संस्थान की तरफ से प्रकाशित की गई। साथ ही सडक़ सुरक्षा पोस्टर का विमोचन भी किया गया। इस अवसर पर गाडिय़ों के रिफ्लेक्टर लगायें गये। वहीं सी.आई. सुभाष चंद्र ने आज के समय के सडक़ सुरक्षा के नियमों के बारें में विद्यार्थियों को बताया।

# दिनभर पतंगबाजी का दौर चला, वस्त्र व मिठाई बांटी

**चूरू,** (का.सं.)। मकर सक्रांति के पावन पर्व पर शहर में दिनभर पतंगबाजी का दौर चला। जिसमें वो मारा वो काटा का शोर गूंजता रहा।

यहां पर आज सुबह दिन निकलने के साथ ही पंतग उड़ाने का शौक रखने वाले युवाओं व बच्चों ने अल सुबह ही घरों की छत्तों पर अपना डेरा जमा लिया। पूरे दिन आसमान में पतंग उड़ाने का आनंद उठाया। इसी मौके पर बुर्जुगों व महिलाओं ने भी पतंग उड़ाने में पीछे नहीं हटे। इन्होंने भी पूरे समय पतंग उड़ाने का अपना शौक पूरा किया।

इसी के साथ सूर्य के दक्षिणायन से उत्तरायण में आने पर मकर सक्रांति को यह उत्सव पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। मकर की सक्रांति को दान पुण्य करने का एक अलग महत्त्व सनातन शास्त्रों में वर्णित किया गया है। जिसके तहत लोगों ने पूरे दिन गायों को चारा, गुड़, दलिया, लापसी आदि खिलाया। वहीं गौ शालाओं में जाकर भी गायों की सेवा की। इसी दौरान महिलाओं ने अपने से ज्येष्ठ महिलाओं को चरण स्पर्श कर उनको वस्त्र, मिष्ठान अन्य आवश्यक वस्तुओं का दान किया।

मकर सक्रांति के पर्व पर लोगों ने प्रात: वेला में स्नान कर भगवान भूवन भास्कर सूर्य की उपासना की। इसी दिन मंदिरों में भी दिनभर दान पुण्य का क्रम चलता रहा।

बाजारों में मिष्ठान विक्रेताओं के यहां पर घेवर, जलेबी व फीणी खरीदने के लिए अपनी बारी का इंतजार करना पड़ा। मिठाई की दुकानों पर भीड़ देखी गई। इसके अलावा बाजार में अधिकांश दुकानें बंद रही। लोगों ने पूरे दिन पतंगबाजी का लुत्फ उठाया। मकर सक्रांति के पर्व इस बार दो दिन तक मनाया जायेगा।

शास्त्रों के जानकारों का कहना है कि सक्रांति का प्रवेश शनिवार की रात्रि को होगा। जिसके चलते सनातन में उदय तिथि का अधिक महत्तव होने से रविवार को पूरे दिन मकर सक्रांति का पर्व मनाया जायेगा। इसलिए लोगों को दो दिन मकर सक्रांति पर्व मनाने का अवसर मिलेगा।

आज गायों के साथ आवारा पशुओं व कुत्तों आदि को भी पेट भर भोजन करवाया गया। इसी दौरान चाइनीज मांझे की भी भरमार देखी गयी। जबकि प्रशासन की ओर से हर साल चाइनीज मांझे की रोकथाम के लिए काफी दिन पहले से प्रयास शुरु कर दिये जाते हैं।

# विकास कार्यों की मांग पर विधायक ने दिये निर्देश

**सादुलपुर,** (नि.सं.)। नगरपालिका राजगढ की आयोजित मण्डल बैठक नगरपालिका अध्यक्ष रजिया गहलोत की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

सादुलपुर विधायक एवं राजस्थान क्रीडा परिषद अध्यक्ष पदमश्री डॉ. कृष्णा पूनियां, उपखण्ड अधिकारी रणजीत कुमार बिजारणिया एवं नगरपालिका उपाध्यक्ष ललीता पूनियां आदि सहित 38 वार्ड पार्षद उपस्थित रहे। नगरपालिका राजगढ चेयरमैन रजिया गहलोत व ईओ सुरेंद्र मीणा ने प्रेस विज्ञिप्त जारी कर बताया कि बोर्ड मीटिंग में एजेण्डा पढकर सुनाया गया व सता पक्ष के पार्षदों द्वारा एजेण्डों में शामिल सभी बिन्दुओ का समर्थन किया गया, जबकि नेता प्रतिपक्ष एवं विपक्ष के दो-तीन पार्षदो के द्वारा विरोध किया गया और सभी एजेन्डे सर्वसर्वसम्मति से पास किये गये तथा पार्षदों से हस्ताक्षिरत पत्र एजेन्डे के विरोध में सदन में रखा गया, जिसका विधिक परीक्षण करवाया जायेगा। चूंकि पत्र पर हस्ताक्षर मण्डल से बाहर करवाये गये थे और विरोध वाले एजेन्डों पर मतदान नहीं हुआ और कमेटी गठन करने का प्रस्ताव रखा गया, जिस पर विधिक परीक्षण करवाकर नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी। चेयरमैन गहलोत व ईओ मीणा ने बताया कि उक्त एजेण्डों में शामिल बिन्दु विचार-विमर्श के लिए थे ना कि उनको सदन से पास करवाया जाना था, इसलिए यह बोलना कि एजेण्डे पास नहीं हुए पूर्णत्या असत्य है, उक्त एजेण्डो के बिन्दू पूर्व में हुई बोर्ड मीटिंग में शमिल होने के कारण पूर्व में ही पास थे। विधायक व नगरपालिका अध्यक्ष द्वारा उनको सदन पर विचार-विमर्श करने के लिए रखवाया गया ताकि किसी पार्षद का कोई सुझाव हो तो वो दे सकें एवं विधायक द्वारा शहीद स्मारक के आस-पास व्याप्त गंदगी को हटा साफ-सफाई करवाने के निर्देश दिये गये तथा अन्य पार्षदों द्वारा विकास के कार्य के लिए जो भी लिखित में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करें उनको करवाए जाने के निर्देश दिये गये। अन्त में बैठक सफलता पूर्वक सम्पन्न हुई।

## धानोठी छोटी में क्रिकेट प्रति.शुरू

**सादुलपुर,** (नि.सं.)। मकर संक्रांति पर शनिवार को क्षेत्र के धानोठी छोटी में वार्षिक क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू हुई।

सादुलपुर के पूर्व विधायक मनोज न्यांगली ने उद्घाटन किया। सीमावर्ती राजस्थान व हरियाणा की करीब तीन दर्जन टीमें हिस्सा ले रही हैं। उद्घाटन समारोह में मिशन 'फाइट फॉर राइट' के सरंक्षक एडवोकेट हरदीपसिंह सुंदरिया, सरपंच ताम्बाखेड़ी बलबीर मेहरा, एसबीआई ब्रांच सिद्धमुख के सहायक मैनेजर राजेश कुमार सुंदरिया, आर्मीमैन नरेश कुमार माहौर, ताम्बाखेड़ी के पूर्व सरपंच सुरेश पूनिया आदि विशिष्ट अतिथि रहे। उद्घाटन कार्यक्रम में हरिसिंह ठोलिया, प्रताप नायक, ओमप्रकाश सरावग, देवीलाल छिम्पा, महावीर सांगवान, रूपसिंह नायक व रमेश पूनिया आदि मौजूद रहे।

# कई जगह गौ सेवा की

**उदयपुरवाटी,**(नि,सं.)। बेसहारों की आवाज संगठन पिछले 1 साल से सेवा कार्यों में पूरे तन मन धन के साथ जुड़ा हुआ है जो कि इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए 2 दिन पहले से ही गौ माता की सेवा में जुटा हुआ है । किरोडी रोड पर स्थित श्री गोपाल गौ गौशाला में दो दिन पहले भी एक पिकअप गाड़ी चारा की डलवाने के बाद संस्था की टीम जगह जगह गौ सेवा कर रही है ।

इसी क्रम संगठन के तमाम पदाधिकारी व कार्यकर्ता गौशाला में आकर ढाई मन दलिए की गौ सवामणी की गई जिसमे सरशु व तिल का तेल, गुड, तिल, गेहूं व बाजरे का दलिया, काजू किशमिश, मिश्री , मखाना,खोपरा , अजवायन काला नमक इत्यादि सामठी से तैयार दलिया का हलवा बनाकर गोशाला में मौजूद व आसपास की खुली गायों की सेवा की गई । संगठन के खेतड़ी तहसील के अध्यक्ष अनिल चंदेला के नेतृत्व में बबाई, कलोटा के अलग अलग जगह पर खुली गौ माताओं के लिए हरा चारा खिलाकर सेवा की गई तथा सीकर जिला अध्यक्ष नरेंद्र सैनी व नीमकाथाना तहसील अध्यक्ष रामकिशोर कुमावत के नेतृत्व में गुहाला में दलिया में विभिन्न प्रकार की सामग्री डालकर एक औषधिए तरीके से सामग्री तैयार की गई जो कि श्री कृष्ण गौशाला गुहाला व आसपास की गायों को खिलाकर पुण्य लाभ कमाया गया।

संगठन के प्रदेशाध्यक्ष शीशराम गुर्जर ने बताया कि हमारा संगठन पिछले 1 साल से दिन-रात जरूरतमंद बेसहारों व मुख बधीर जीव जंतु जानवरो की सेवा में जन सहयोग व संस्था के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के सहयोग से लगातार सेवा कार्य कर रहा है। 5 दिन से गौ माता की सेवा में योजना बनाकर जगह जगह सवामणी व हरा चारा खिलाया जा रहा है। जिलाध्यक्ष समदर पहाड़िला ने बताया कि जन सेवा हो या जीव जंतु की सेवा में हमारा संगठन सदैव आपको तैयार मिलेगा शीशराम गुर्जर, समंदर पहाड़िला, धोलू राम सैनी,गोविंद दास महाराज, किशोर शर्मा, उदय सिंह, राकेश स्वामी, सुनील तंवर, रवि दाधीच, जीतू सैनी हलवाई, अभिषेक सैनी, बलराम दास महराज, महिपाल गुर्जर ,उमेश वर्मा , सोनू वर्मा, भवानी सैनी, जगू सैनी,बहादुर स्वामी, डॉ पुष्पेंद्र स्वामी, कैलाश सैनी, लक्की सैनी, अनिल चंदेला गायक कलाकार, महिपाल चंदेला, चदगी राम गुर्जर , सुरेन्द्र गुर्जर, संदीप गुर्जर, नरेन्द्र सैनी रामकिशोर कुमावत, विकाश सैनी,बद्री सैनी आदि सहयोग कर रहे हैं।

# राजगढ़ में शांति समिति सदस्यों की बैठक हुई

**सादुलपुर,** (नि.सं.)। राजगढ थाने में राजगढ थानाधिकारी सुभाष चन्द्र ढील उनि.की अध्यक्षता में सीएलजी एवं शांति समिति सदस्यों की बैठक आयोजित हुई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सीएलजी सदस्यों अपने-अपने सुझाव रखे। इसी दौरान थानाधिकारी सुभाष चन्द्र ने कहा कि आमजन में विश्वास व अपराधियों में भय दिखाना हमारी प्राथमिकता रहेगी, सीएलजी पुलिस का परिवार हैं, जो आपराधिक घटनाओं की रोकथाम में पुलिस का सहयोग करें। सीएलजी एवं शांति समिति सदस्यों ने क्षेत्र हो रही चोरियों पर अंकूश लगाने, शाम के समय शहर में पर्याप्त पुलिस गस्त बढाने, पटाखे की आवाज निकालने वाली बुलेट मोटरसाईकिल चालकों के खिलाफ कार्यवाही करनें, देर शाम को समय सार्वजनिक स्थलों पर जगह-जगह पर झूण्ड बनाकर बैठने वाले युवकों के खिलाफ कार्यवाही करने तथा चाइनीज मांझा विक्रय करने के खिलाफ कठोर कार्यवाही करने की मांग की गई।

जिस पर थानाधिकारी सुभाष चन्द्र ढील ने कहा कि आज का युवा नशों की दलदल में फंसता जा रहा है, जिसके लिए क्षेत्र में नशीले पदार्थो का अवैध कार्य करने वालों की पहचान थाने में बताने का आहवान किया।

साथ ही कहा कि सार्वजनिक स्थलों पर हुक्का पीने वाले कम उम्र के युवकों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी एवं उपखण्ड अधिकारी से वार्ता कर उनके निर्देशन में चाइनीज मांझा बेचने वालों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने शहर में यातायात की हो रही समस्या को लेकर कहा कि दुकानदार अपनी दुकानों के आगे किसी प्रकार की रेहड़ी या वाहन खड़ा ना होने दे। बैठक में एएसआई प्रदीप कुमार, एफडब्लुओ सुरेश भालोठिया सहित सीएलजी एवं शांति समिति के सदस्य एडवोकेट ओमप्रकाश खीचड़, कृष्ण भाकर, श्यामलाल सोनी, सुमेर सिंह सिहाग, मकसुद चिश्ती, श्रवण सोनी, असलम पहाड़ख़ानी, इस्लाम कुरेशी, हैदर अली एवं नगरपालिका सफाई उपनिरीक्षक शांति कुमार व जमादार प्रमोद सहित कई सीएलजी एवं शांति समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप तोदी का स्वागत

**सुजानगढ़,** (नि.सं.)। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बनने पर प्रदीप तोदी का सम्मान समारोह गांधी आश्रम में आयोजित किया गया। गांधी आश्रम के अध्यक्ष सुभाष बैदी ने प्रदीप तोदी का साफा पहनाया व डॉ. एसएन जांगिड़ ने माला पहनाकर स्वागत किया।जल्द ही सेवा निवृत होने वाले एएसपी जगदीश बोहरा का भी साफा व शॉल ओढ़ाकर डॉ. बजाज व सुभाष बैदी ने स्वागत किया। कार्यक्रम में जिला प्रवक्ता मो. इदरीश गौरी, सभापति निलोफर गौरी, कांग्रेस नेता धर्मेन्द्र कीलका, सिकन्दर अली खिलजी, सीआई मुकुट बिहारी मीणा मंचासीन रहे, जिनका एडवोकेट सलीम खान, अशोक अत्रि, महावीर बगड़िया, आवेश रांव, श्रवण सुरोलिया, मोनू सहित अनेक लोगों ने स्वागत किया। कार्यक्रम में बालिकाओं को स्वेटर वितरण किया गया। जबकि जरूरतमंदों को गर्म कपड़े व स्वेटर तथा कंबल वितरण किया गया। संचालन अशोक अत्रि ने किया। कार्यक्रम में एएसआई खुशलाराम, गिरधारी दूधववाल सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

### जरूरतमंदों को राशन व रजाई बांटी

**तारानगर,** (नि.सं.)। तारानगर के उपभोक्ता समस्या निवारण के प्रदेशाध्यक्ष अमरसिंह चारण की प्रेरणा व धुरिना ऑनलाइन ऐप व गुरुकुल के संचालक सुभाष चारण के सौजन्य से मकर संक्रांति पर शनिवार को तारानगर, गांव भामरा, बिलिया, रेड़ी, भूरावास, पिथाना, फोजी ईंट भट्ठा, आदि गाँवों में 150 कंबल, 20 रजाई, 20 लोगों को जूता जुराब, 150 घरों में 1 किलो गुड़ 500 ठाम तेल एक गर्म कंबल प्रतिघर का घर पर जाकर वितरण किया गया। गांव लुनास में आवारा पशुओं के लिए 35 किंवटल चारा दिया गया। 20 किंवटल चारा नथूराम प्रजापत ने भी दिया। नथूराम प्रजापत ने चारा डालने का जिम्मा लिया। पूर्व जीएसएस अध्यक्ष भगवानदास स्वामी, राजेन्द्र प्रसाद जांगिड़, एचडीबी बैंक के मैनेजर मदन चारण, जयपाल सिंह, धन्नाराम इंदलिया, पूर्व सरपच ख्यालीराम भामी, मुनीम अमीलाल, बाबूलाल शर्मा रेड़ी आदि लोग उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने अमरसिंह चारण व सुभाष चारण का आभार व्यक्त किया तथा धन्यवाद ज्ञापित किया।

### उत्साह से मनाया लोहड़ी पर्व

**तारानगर,** (नि.सं.)। तारानगर के शाह सतनाम जी बालिका विद्यालय में लोहड़ी पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये। स्कूल की नन्ही नन्ही बालिकाओं ने एक से बढ़कर एक शानदार नृत्य की प्रस्तुति दी। बालिकाओं के सामूहिक नृत्य ने सबका मन मोह लिया तथा सभी को ताली बजाने पर मजबूर कर दिया। विद्यालय की प्रिंसिपल भारती इंसा ने सभी को लोहड़ी पर्व की शुभकामनायें दी और कहा कि लोहड़ी पर्व देशभर में बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। पंजाब हरियाणा सहित देश के उत्तरी भाग में इस पर्व पर काफी रौनक देखने को मिलती है। सुख समृद्धि ओर खुशियों का प्रतीक माने जाने वाला लोहड़ी पर्व को हर कोई मिलजुलकर काफी धूमधाम से मनाते है। इस मोके और पिंकल, मानवी, अंजू, अन्नू, प्रमजोत, प्रिया, सोनम, ज्योति, सोनिका, कांता, दीपिका, रीना, कंचन, रजनी, रेखा, प्रवीण, निशा, शकुंतला, वर्षा, उर्मिला, अमन, सुनिता, कोमल, पूजा, अमरावती, प्रोमिला, बिया, पिंकी, सुखजीत, गुरप्रीत, मोनिका, गंगा सहित विद्यालय स्टाफ व बच्चे उपस्थित थे।

### लियो क्लब सीकर ने पतंगबाजी की

**सीकर,** (नि.सं.)। लियो क्लब सीकर द्वारा 14 जनवरी को वीके जैन हॉस्पिटल के पास शांति अपार्टमेंट में काईट कंपटीशन रखा गया।क्लब अध्यक्ष लियो रोहन अग्रवाल ने बताया यह कंपटीशन अपने आप में अ